नोएडा में यूपी का सबसे बड़ा फूड पार्क बनेगा

राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता

बड़ा फायदा मिलेगा

- युवाओं को मिलेगा रोजगार किसानों को भी होगा फायदा
- लुलु मॉल लखनऊ का जल्द ही होगा लोकार्पण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लुलु ग्रेटर नोएडा में यूपी का सबसे बड़ा फूड पार्क बनाएगा। इस पार्क के बनने से युवाओं और किसानों को फायदा मिलेगा। युवाओं को 700 प्रत्यक्ष व 1000 अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलेंगे। किसानों को उनकी उपज के अच्छे दाम मिलेंगे।

मुख्यमंत्री ने लुलु फूड पार्क ग्रेटर नोएडा के लिए कब्जा पत्र दिए जाने के मौके पर बुधवार को यह बातें कही। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ईकोटेक-10 में 20 एकड़ में लगभग 500 करोड़ रुपये की लागत से यह पार्क एक साल में बनकर तैयार होगा।मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी नरेंद्र भूषण ने लुलु फूड पार्क का कब्जा पत्र फेयर इंडिया एक्सपोर्ट कंपनी के सीएमडी यूसूफ अली एमए को सौंपा। यह भी बताया गया है क लखनऊ में बने लुलु मॉल का जल्द लोकार्पण होगा। इसकी लागत 2000 करोड़ रुपये है। इस मॉल के शुरू होने से लगभग 5000 प्रत्यक्ष और 10 हजार अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेंगे।